**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2442**

**26 अप्रैल, 2012 को उत्तर के लिए**

## इस्पात की कीमत में वृद्धि

2442 श्री राम जेठमलानी:
श्री रवि शंकर प्रसाद:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में इस्पात की कीमतें अप्रैल, 2011 से मार्च, 2012 के दौरान बढ़ी है;

(ख) यदि हां, तो इस अवधि के दौरान अधिकतम और न्यूनतम मूल्य वृद्धि कितनी रही है और यह अधिकतम और न्यूनतम मूल्य वृद्धि कब-कब रही;

(ग) क्या यह भी सच है कि उपरोक्त अवधि के दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस्पात की कीमत घरेलू बाजार की कीमत से कम रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

**(क) और (ख):** बाजार परिस्थितियों यथा मांग आपूर्ति परिदृश्य, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस्पात की कीमतों में उतार-चढ़ाव, कच्चे माल की लागत और अन्य आदान लागतों इत्यादि के अनुसार घरेलू बाजार में इस्पात मदों की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता रहा है। अप्रैल, 2011 से मार्च, 2012 की अवधि के दौरान बाजार में इस्पात मदों की प्रतिनिधि श्रेणी के संबंध में मासिक कीमतों में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाली एक तालिका अनुलग्नक - I के रूप में संलग्न है।

**(ग) और (घ):** अप्रैल, 2011 से मार्च, 2012 की अवधि के दौरान विश्व भर के प्रमुख बाजारों में इस्पात मदों की कीमतों में उतार – चढाव नजर आया है। अप्रैल, 2011 से मार्च, 2012 की अवधि के दौरान विश्व के कुछ मुख्य बाजारों में हॉट-रोल्ड क्वॉयल (एचआरसी) और रि-बार्स की औसत कीमतें दर्शाने वाली तालिकाएं क्रमशः अनुलग्नक-II क और अनुलग्नक – II ख के रूप में संलग्न हैं।

**********

**<u>अनुलग्नक-I</u>**

<u>अतारांकित प्रश्न संख्या 2242, दिनांक 26.4.2012</u>

अप्रैल, 2011 से मार्च, 2012 के दौरान दिल्ली बाजार में इस्पात की खुदरा कीमतों में उतार-चढ़ाव

रूपए प्रति टन

| | बिलेट्स 100एमएम | वॉयर रॉड 8एमएम | टीओआर/टीएमटी /सीटीडी 10एमएम | एचआर क्वॉयल्स 2.00 एमएम | सीआर क्वॉयल्स 0.63एमएम |
|---|---|---|---|---|---|
| अप्रैल, 11 | 37360 | 44230 | 43310 | 43020 | 48380 |
| मई, 11 | 37300 | 44230 | 43310 | 43020 | 48380 |
| जून, 11 | 38160 | 45280 | 44010 | 43120 | 47580 |
| जुलाई, 11 | 37960 | 44760 | 44180 | 43020 | 47580 |
| अगस्त, 11 | 38080 | 45110 | 43870 | 43210 | 48500 |
| सितंबर, 11 | 37680 | 45110 | 43870 | 43210 | 49180 |
| अक्तूबर, 11 | 38200 | 45980 | 44710 | 43370 | 48980 |
| नवंबर, 11 | 38760 | 44380 | 45700 | 47340 | 51360 |
| दिसंबर, 11 | 38960 | 44730 | 46370 | 47430 | 51960 |
| जनवरी, 12 | 39010 | 45080 | 46790 | 47530 | 52360 |
| फरवरी, 12 | 39510 | 45450 | 46790 | 47550 | 51680 |
| मार्च, 12 | 39810 | 45800 | 47670 | 47630 | 52040 |

परिवहन, कर एवं शुल्कों समेत दिल्ली बाजार में संकेतक कीमत

(स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी), इस्पात मंत्रालय

***********

<u>अनुलग्नक-II-क</u>

<u>अतारांकित प्रश्न संख्या 2242, दिनांक 26.4.2012</u>

**अप्रैल, 2011 से मार्च, 2012 के दौरान विश्व के कुछ मुख्य बाजारों में हॉट-रोल्ड क्वॉयल की औसत कीमतें**

| बाजार | यूनिट | अप्रैल, 2011 | | मार्च, 2012 | | अप्रैल, 2011 के दौरान औसत कीमत की तुलना में मार्च, 2012 की औसत कीमत में प्रतिशत परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कीमत रेंज | औसत कीमत | कीमत रेंज | औसत कीमत | |
| सीआईएस घरेलू | अमरीकी डालर/टन | 740-755 | 748 | 656-688 | 672 | -10 |
| यूएस घरेलू | अमरीकी डालर/टन | 860-860 | 860 | 695-695 | 695 | -19 |
| दक्षिणी चीन घरेलू | यूआन/ टन | 4950-4970 | 4960 | 4268-4280 | 4274 | -14 |
| यूरोपीय संघ घरेलू | यूरो/टन | 550-560 | 555 | 550-560 | 555 | 0.0 |

(स्रोत: जेपीसी )

| विनिमय दर | यूनिट | अप्रैल, 2011 | मार्च, 2012 |
|---|---|---|---|
| 1 यूएसडी | रूपए | 44.24 | 50.86 |
| 1 सीएनवाई | रूपए | 6.81 | 8.08 |
| 1 यूरो | रूपए | 65.51 | 67.88 |

(स्रोत जेपीसी)

**अप्रैल, 2011 की तुलना में मार्च, 2012 के दौरान रूपए में विश्व औसत कीमत में परिवर्तन का प्रतिशत**

| बाजार | इकाई | अप्रैल, 2011 | मार्च, 2012 | % परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|
| सीआईएस घरेलू | रूपए/टन | 33092 | 34178 | 3 |
| यूएस घरेलू | रूपए/टन | 38046 | 35348 | -7 |
| दक्षिणी चीन घरेलू | रूपए/टन | 33778 | 34534 | 2 |
| यूरोपीय संघ घरेलू | रूपए/टन | 36358 | 37673 | 4 |

(स्रोत जेपीसी)

**अनुलग्नक-II-ख**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2242, दिनांक 26.4.2012**

**अप्रैल, 2011 से मार्च, 2012 के दौरान विश्व के कुछ मुख्य बाजारों में रि-बार्स की औसत कीमतें**

| बाजार | यूनिट | अप्रैल, 2011 | | मार्च, 2012 | | अप्रैल, 2011 के दौरान औसत कीमत की तुलना में मार्च, 2012 की औसत कीमत में प्रतिशत परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कीमत रेंज | औसत कीमत | कीमत रेंज | औसत कीमत | |
| सीआईएस घरेलू | अमरीकी डालर/टन | 670-690 | 680 | 614-728 | 671 | -1 |
| यूएस घरेलू | अमरीकी डालर/टन | 765-765 | 765 | 760-760 | 760 | -1 |
| दक्षिणी चीन घरेलू | यूआन/टन | 5230-5460 | 5345 | 4328-4548 | 4438 | -17 |
| यूरोपीय संघ घरेलू | यूरो/टन | 500-510 | 505 | 545-565 | 555 | 9.9 |

(स्रोत: जेपीसी )

| विनिमय दर | यूनिट | अप्रैल, 2011 | मार्च, 2012 |
|---|---|---|---|
| 1 यूएसडी | रूपए | 44.24 | 50.86 |
| 1 सीएनवाई | रूपए | 6.81 | 8.08 |
| 1 यूरो | रूपए | 65.51 | 67.88 |

(स्रोत जेपीसी)

**अप्रैल, 2011 की तुलना में मार्च, 2012 के दौरान रूपए में विश्व औसत कीमत में परिवर्तन का प्रतिशत**

| बाजार | इकाई | अप्रैल, 2011 | मार्च, 2012 | % परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|
| सीआईएस घरेलू | रूपए/टन | 30083 | 34127 | 13 |
| यूएस घरेलू | रूपए/टन | 33844 | 38654 | 14 |
| दक्षिणी चीन घरेलू | रूपए/टन | 36399 | 35859 | -1 |
| यूरोपीय संघ घरेलू | रूपए/टन | 33083 | 37673 | 14 |

(स्रोत जेपीसी)

********